कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-17.04.2024

विषयः- थाई बौद्ध विहार मन्दिर की दान पेटी चोरी करने वाला अभियुक्त थाना सारनाथ पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से दान पेटी व 300/- रू0 नकद बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में मुखबिर की सहायता से थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा 0070/2024 धारा 457,380,411 भा.द.वि. थाना सारनाथ से संबंधित वांछित अभियुक्त संग्राम राजभर पुत्र सहपत्तू राजभर निवासी ग्राम नवापुरा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को टण्डन बाबा की कुटिया के पास थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से दिनांक-16.04.2024 को समय करीब 17.30 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी गया एक अदद लोहे की दान पेटी व दान पेटी का बचा हुआ 300/- रू0 नकद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी की सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मेरे पास चोरी की दान पेटी है जिसे मैंने अपने साथी गणेश भारद्वाज पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम घुरहूपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी के साथ मिलकर दिनांक 25.02.2024 को थाई मंदिर का ताला तोड़कर चोरी किया था तथा दान पेटी को तोड़कर उसमें से जो रुपये मिले थे हम दोनों ने आपस में बराबर-बराबर बांट लिया था जो खाने-पीने व मौज-मस्ती में खर्च कर दिया है उसी में से केवल मेरे पास 300/- रु0 बचे हैं।

उल्लेखनीय है कि गणेश भारद्वाज पुत्र ओम प्रकाश निवासी घुरहूपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी को मु0अ0सं0-144/2024 धारा 356, 411 भा0द0वि0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी में दिनांक 15.04.2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

संग्राम राजभर पुत्र सहपत्तू राजभर निवासी ग्राम नवापुरा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 35 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

एक अदद लोहे की दान पेटी व दान पेटी के बचे हुए 300/- रू0 नकद।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 महेश मिश्रा थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 जगदीश सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 अशोक कुमार यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रधान लेखक